卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 17 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦24 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


## युवक को ले गयी थी पुलिस, घर आकर किया सुसाईड

### रम्पुरा चौकी पुलिस के खिलाफ फूटा गुस्सा, कोतवाली में धरना प्रदर्शन,पुलिस पर प्रताड़ित करने का आरोप



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मोबाइल चोरी के आरोप में पुलिस द्वारा पूछताछ के लिए हिरासत में लिये गये युवक ने चौकी से घर आने के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। इससे गुस्साए लोगों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की अगुवाई में कोतवाली पहुंचकर हंगामा काटा और पुलिस के खिलाफ धरना दिया। गुस्साए लोगों ने पुलिस पर युवक को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मामले में एक दरोगा पर महिलाओं से अभद्रता और मारपीट करने का भी आरोप लगा है। मामला रम्पुरा बस्ती का है। बताया गया है कि रम्पुरा वार्ड नं 23 निवासी अनिल कोली पुत्र स्व. लेखराज और उसके भाई दिनेश कोली रम्पुरा चौकी पुलिस ने बीती शाम मोबाइल चोरी के आरोप में पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। परिजन और बस्ती के कुछ लोग रात को चौकी गये। जिसके बाद पुलिस ने देर रात अनिल और दिनेश को छोड़ दिया। रात को परिवार के लोग खाना खाकर सो गये। सुबह जब जागे तो अनिल कोली कमरे में फंदे से लटका मिला। आनन फानन में परिजन उसे अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की से परिजनों में कोहराम मचा गया। मौत का पता चलते ही मृतक के घर के बाहर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गयी। परिजनों ने पुलिस पर अनिल कोली को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि पुलिस ने प्रताड़ना के चलते ही अनिल ने सुसाईड किया है। परिजनों के मुताबिक अनिल को हिरासत में लेने आये पुलिस कर्मियों ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## सीएम ने खेला क्रिकेट,पर्यटकों को पिलाई चाय

### सरोवर नगरी में मॉर्निंग वॉक के दौरान सीएम ने जनता से फीडबैक भी लिया

नैनीताल (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार सुबह नैनीताल की ठंडी सड़क समेत आसपास के क्षेत्र के भ्रमण पर निकल गए। इस दौरान मुख्यमंत्री डीएसए खेल मैदान पहुंचे जहां उन्होंने बच्चों के साथ कुछ देर क्रिकेट खेला। क्रिकेट प्रेमियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से नैनीताल खेल मैदान की स्थिति को दुरुस्त करने और नैनीताल में खेल सुविधाओं को बढ़ाने का प्रस्ताव रखा जिस पर हामी भरते हुए मुख्यमंत्री ने कहा उनके पास खेलों की स्थिति को सुधारने के लिए प्रस्ताव आया है जिस पर अमल किया जा रहा है। इसके बाद मुख्यमंत्री नैनी झील किनारे पहुंचे जहां उन्होंने चाय का आनंद लेते हुए स्थानीय लोगों से बातचीत की और नैनीताल के हालातों पर चर्चा की। साथ ही सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों पर भी चर्चा करते हुए नैनीताल के लिए बेहतर काम किए जाने का सुझाव मांगा। चाय के ठेले पर चाय की चुस्की लेने के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मुलाकात काशीपुर के कुछ पर्यटकों और उनके बच्चों से हुई।इसके बाद मुख्यमंत्री ने पर्यटकों से नैनीताल शहर के पर्यटन क्षेत्र के बारे में बातचीत की और स्वयं पर्यटकों के चाय और नाश्ते का पैसा दिया। सीएम ने नैनी झील किनारे और सार्वजनिक स्थान पर साफ सफाई कर रहे पर्यावरण मित्रों से मुलाकात कर उनका हाल–चाल और उनकी समस्याओं को जानते हुए उनके मनोबल को भी बढ़ाया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को उनकी सभी समस्याओं के जल्द से जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए जनहित सर्वोपरि है और जनता के ही फीडबैक पर आधारित हमारी कार्यसंस्कृति भी है ।जिसे आत्मसात कर देवतुल्य जनता की आशाओं और आकांक्षाओं पर शत् प्रतिशत खरा उतरना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहाकि सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, (शेष पृष्ठ सात पर)



## जिला कारागार में विचाराधीन कैदी की तबियत बिगड़ने से मौत

हरिद्वार( उद संवाददाता) ।रोशनाबाद स्थित जिला कारागार में एक विचाराधीन बंदी की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने उसके शव को कब्जे में ले लिया साथ ही मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार बृजपाल चौहान निवासी रुड़की रोड कृष्ण नगर पल्लवपुर जिला मेरठ को एक धोखाधड़ी के मामले में रानीपुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसे कोर्ट में पेश कर पांच सितंबर को जिला कारागार में भेज दिया गया था। सोमवार की शाम अचानक उसकी तबीयत बिगड़ (शेष पृष्ठ सात पर)


नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।



श्री किशोर कुमार ग्रोवर जी

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी
श्री किशोर कुमार ग्रोवर जी (पुत्र स्वर्गीय श्री राम लाल ग्रोवर)
का स्वर्गवास 23 अक्टूबर 2023 को हो गया था।

रस्म पगड़ी
दिनांक 25 अक्टूबर दिन बुधवार को दोपहर 02:00 बजे से 03:00 बजे
होटल आर्क, रामपुर रोड में सम्पन्न होगी।

शोकाकुल परिवार :
सन्नी ग्रोवर - अंकिता ग्रोवर (पुत्र/पुत्र वधु)

श्रीमती कोमल ग्रोवर (पत्नी)
अनिता - नवीन ग्रोवर (भाभी/भाई)
शान्ता - गुलशन ग्रोवर (भाभी/भाई)
लक्की - अनिल ग्रोवर (भाभी/भाई)
शौर्या, अद्वित (पौत्र)
सुमन - योगराज बत्रा (ससुराल पक्ष)
उषा - रोहिताश कुमार बत्रा (ससुराल पक्ष)
मोनिका - अनीश बिष्ट (पुत्री/दामाद)
गीतिका - हिमांशु खन्ना (पुत्री/दामाद)
आरांश, मिशिका, नायरा (दौत्र/दौत्री)

प्रतिष्ठान
मै0 ऑटोटेक इंजीनियर्स एण्ड सप्लायर्स
मै0 बायरटेक ऑटो इंडस्ट्रीज


## 27 लाख की स्मैक सहित तस्कर दबोचा

देहरादून (उद संवाददाता)। एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स,उत्तराखंड एसटीएफ को ड्रग्स सौदागरों के खिलाफ अभियान में एक और बड़ी सफल्ता मिली है। ए.एन.टी.एफ. टीम ने देर शाम डोईवाला थाना क्षेत्र से 27 लाख रूपये की स्मैक के साथ एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। ड्रग्स–फ्री देवभूमि अभियान के अंतर्गत एसटीएफ की ए.एन.टी.एफ टीम द्वारा थाना डोईवाला स्थित विंडलास रिवर वैली के पास से अभियुक्त सोम पाल पुत्र घसीटा सिंह निवासी आर्यनगर थाना डालनवाला देहरादून से 265 ग्राम स्मैक बरामद की । आरोपी ने पूछताछ में बताया कि यह स्मैक मुरादाबाद से लेकर आया था जिसको वह डालनवाला व आस पास के स्कूल कॉलेजों में अपने पैडलरों के माध्यम से बिक्री करता है। एसटीएफ द्वारा पूछताछ में अन्य कई ड्रग्स पैडलरों के नाम की जानकारी हुई है जिन पर कार्यवाही की जायेगी। बरामद की गयी स्मैक की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 27 ला आंकी गयी है।

## जज आवास से चन्दन का पेड़ काट ले जाने की कोशिश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जज आवास परिसर खेड़ा में रात्रि अज्ञात लोगों ने चन्दन का पेड़ काट कर ले जाने की कोशिश की। सुरक्षा कर्मी के तत्काल वहीं पहुंच जाने से चन्दन का कटा पेड़ मौके पर छोड़ चोर वहां से भाग गये। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में कानि. आनन्द सिंह गैडा रिजर्व पुलिस लाईन ने कहा है कि वह जज आवास खेडा में गार्द में तैनात है। 23 अक्टूबर को मध्य रात्रि जज आवास के अन्दर पेड के गिरने की आवाज आयी। पेड कटने की आवाज सुनकर वह तुरन्त पेड के पास जा रहा था तो पेड के पास से तीन व्यक्ति उसे देखकर रात्रि का फायदा उठाकर वहां से भाग गये। वापस आकर देखा तो वहां पर एक चन्दन का पेड कटा हुआ पडा था। उक्त अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा पेड को काटकर ले जाने का प्रयास किया गया है। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विवाहिता की हत्या का प्रयास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विवाह के बाद क्रेटा कार और पांच लाख की मांग पूरी न होने पर दहेज लोभियों ने विवाहिता को फांसी लगाकर जान से मारने की कोशिश की। पीथ्ड़ता ने ससुरालियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में पीड़िता ने कहा है कि उसका विवाह 4 सितम्बर 2022 को अंकुश झाम पुत्र ओमप्रकाश झाम निवासी खुशी इन्कलेव, भूरारानी रोड, के साथ हुआ था। जिसमे मायके वालो द्वारा सोने चांदी के जेवरात, उपहार, 12 लाख रूपये नकद चार पहिया गाडी खरीदने हेतु एवं अन्य आवश्यक सामान दिया था। पति अंकुश, ससुर ओमप्रकाश, सास ऊषा झाम, देवर आयुश निवांसीगण खुशी इन्कलेव, ननद साक्षी ठुकराल व ननदोई विनोद ठुकराल पुत्र अज्ञात उक्त दान उपहार से खुश नही थे । आरोप है कि विवाह के एक सप्ताह से ही ससुराल (शेष पृष्ठ सात पर)

# कुंभकरण एवं मेघनाद का हुआ वध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित प्रभु श्री राम जी की लीला के मंचन के तेरहवें दिन शुभारंभ समाजसेवी एवं बालाजी महाराज के परम भक्त अजय तिवारी द्वारा दीप





प्रज्वलित कर किया गया इस अवसर पर उन्होंने प्रभु श्री राम की चर्चा की एवं श्री शिव नाटक क्लब को इस भव्य आयोजन की शुभकामनाएं प्रेषित की। श्री रामलीला मंचन में कुंभकरण विभीषण संवाद, कुंभकरण वध,मेघनाद द्वारा निकुम्भला की पूजा,मेघनाद रावण संवाद एवं मेघनाद वध तक की लीला का मंचन किया गया । आज विजय दशमी का पावन पर्व सांय 4 बजे से रामलीला ग्राउंड में मनाया जायेगा उपरांत पुतलों का दहन एवं प्रभु श्री राम जी का राजतिलक किया जाएगा ।विशेष भूमिकाओं में रावण अतुल बांगा, मेघनाद चेतन खनिजो, राम गौरव अरोरा, लक्ष्मण रवि कक्कड, हनुमान पुष्कर नागपाल, विभीषण विशाल गुंबर,सुग्रीव विशांत भसीन, सुलोचना आदित्य कुमार द्वारा बहुत ही सुंदर अभिनय किया गया। मंच संचालन जौली कक्कड़ ने किया।श्री शिव नाटक क्लब द्वारा अजय तिवारी जी का पटका ओढ़ाकर एवं बैच लगाकर सम्मानित किया गया एवं उनको स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री शिव नाटक के सरपरस्त संजय ठुकराल, राजकुमार परुथी, सुखीजा,नरेश शर्मा, सोनू गगनेजा सूरज प्रकाश रमेश गुलाटी, महावीर सेवा दल से सुरेश राजदेव, अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, महासचिव राजकुमार भुसरी, कोषाध्यक्ष बबलू घई, निर्देशक नरेश घई, जीतू गुलाटी, उपाध्यक्ष बिट्टू अरोरा, अवतार सिंह खुराना, सचिव विजय परुथी, भारत हुड़िया, प्रचार मंत्री जगमोहन अरोरा, सनी अरोरा,अक्षित छाबड़ा, गर्व गुलाटी, राजीव भसीन, अनमोल घई, अरुण अरोरा, पुष्कर नागपाल, विशांत भसीन,राजदीप बठला,बंटी मुंजाल, प्रवीण ठुकराल, पुष्कर नागपाल, नैतिक तनेजा,मनीष अग्रवाल,अरुण अरोरा, सनी अरोरा ,राजीव झाम,हरीश जुनेजा, चिराग जुनेजा,राकेश तनेजा,गौरव गांधी ,विशाल गुंबर,प्रवीण बत्रा आदि उपस्थित थे।

# आइडियल म्यूजिकल ग्रुप की प्रस्तुति से श्रद्धालु झूमे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रविंद्र नगर दुर्गा पूजा महोत्सव में गत रात्रि नवमी पूजा का उद्घाटन भाजपा नेता सुरेश कोली और पत्रकार राजीव चावला ने किया।मां दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा दोनों ही अतिथियों का अंगवस्त्र से स्वागत किया गया। महानवमी के उपलक्ष में दुर्गा मंदिर पंडाल में आइडल म्यूजिकल ग्रुप दिनेशपुर द्वारा प्रोग्राम किया गया। जिसमे उपस्थित श्रद्धालु भक्ति में झूमते रहे। इस मौके पर अध्यक्ष मानस सरकार,




वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप विश्वास, उपाध्यक्ष संजय घोष, कोषाध्यक्ष गोपाल सरकार, सचिव शंकर मलिक, महेंद्र पाल विश्वकर्मा, सह कोषाध्यक्ष कार्तिक मंडल, उपसचिव महेश मंडल, अर्जुन विश्वास, मीडिया प्रभारी हरीश अरोड़ा काकू, सुकुमार वेद, हीरा मंडल, विवेक हाल्दार, सदानंद मंडल, जयप्रकाश, गोपाल शाह, श्रीमती शांति मंडल, श्रीमती विंध्य सरकार, श्रीमती चंदन हालदार, सुशांत सरकार, कमलेशसुकांत विश्वास तारक अधिकारी नारायण डे प्रशांत मंडल राजीव राय रामा जोरदार रवि सरकार राजेश मंडल अशोक शाह प्रकाश अधिकारी कमलेश सरकार, महादेव वाला, कृष्ण जोरदार, विश्वदेव वाला, तापस सरकार, सरजीत मंडल, संजय हालदार, विश्वजीत विश्वास,अमन चौहान आदि उपस्थित रहे।

# कोलकाता के दीपांकर दास ने बांग्ला गायन से बांधा समां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सार्वजनिन श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव में गत रात्रि महानवमी दिन पर पूजा अनुष्ठान शुरू किया गया। सर्वप्रथम माँ दुर्गा की आराधना की गई। उसके बाद पूजा की अंजलि सभी भक्तों के साथ भक्तिमय वातावरण के साथ की गई। संध्या काल महा आरती प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट,रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पवन अग्रवाल, संजय ठुकराल,उत्तम दत्ता, तरुण दत्ता, चंद्रशेखर गाँगुली, योगेश वर्मा आदि के साथ आरती कार्यक्रम को शुरू किया गया।आरती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सागर एंड ग्रुप, द्वितीय स्थान न्यू वुडलैंड एकेडमी व तृतीय स्थान पर इंडियन पब्लिक स्कूल को मिला। प्रतियोगिता के जज अजय पांडे व श्रीमती सुप्रिती दत्ता थे। रात्रि सांस्कृतिक मंच पर कोलकाता से आये बाउल गायक दीपंकर ने अपने बैंड के साथ अपने सुरों का संगम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तम दत्ता व अजीत साहा थे। सुशांत मण्डल, निर्मल मण्डल, देवप्रकाश चक्रवर्ती, देवाशीष मण्डल आदि लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सभी अतिथियों का कमेंटी के अध्यक्ष व पूरी टीम ने शॉल व मोमेंटो देकर सम्मान किया।इस दौरान पूजा कमेंटी के अध्यक्ष दिलीप अधिकारी, सचिव महेश राय, उपाध्यक्ष विजय डे, अमन सरकार, किशोर डे, अभिजीत दास, रोहित अधिकारी, कोषाध्यक्ष प्रदीप साहा ऑडिटर सचिन मण्डल, सांस्कृतिक प्रभारी नन्द शेखर गाँगुली, शुभम दास, बिट्टू ढाली, राज सरकार, राज चक्रवर्ती, मिडिया प्रभारी मानस बैरागी सुबीर वंदना दास, शंकर विश्वास, विजय साना, रोहित हालदार, आकाश मण्डल, किशोर मिस्त्री, मनोज हीरा, किशोर मिस्त्री, तापस हीरा, परिमल राय, अमित राय आदि लोग उपस्थित रहें।











# विधायक ने दुर्गा पूजा कार्यक्रमों में किया प्रतिभाग

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नवरात्रि के पवित्र अवसर रुद्रपुर विधानसभा सहित अन्य आस पास के क्षेत्रों में आयोजित दुर्गा पूजा कार्यक्रमों में क्षेत्रीय



विधायक शिव अरोरा शामिल हो रहे हैं। दुर्गा पूजा के कार्यक्रमों में विधायक अरोरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक शिव अरोरा हरिदासपुर दुर्गा पुजा पंडाल में हुए भव्य कार्यक्रम में शामिल हुए, तो वही दिनेशपुर दुर्गा पूजा जो सबसे आकर्षण के वहाँ भी शामिल हुए। साथ ही खानपुर, शहरी क्षेत्र में रविंद्रनगर, सजंय नगर खेड़ा , ट्रांजिस्ट कैम्प में रहना हुआ जहां बंगाली संस्कृति पर आधारित रंगा रग प्रस्तुति कार्यक्रम की दिव्या भव्यता को बढ़ाने का कार्य कर रही थी।इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा रुद्रपुर जिसको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिनी भारत की संज्ञा देते है,तो इसके लिये हमारा क्षेत्र जाना जाता है यहाँ प्रत्येक त्योहार आमजन द्वारा बढ़ चढ़ के मनाया जाता है, विधायक शिव अरोरा ने कहा यह हमारी सनातन संस्कृति की ताकत है कि ऐसे आयोजन में सभी लोग पूरी तन्मयता भक्तिभाव के साथ लगते हैं। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश भट्ट, धीरेश गुप्ता, धर्म सिंह कोली, सुरेश कोली, जगदीश विश्वास, रोबिन विश्वास, विधान पांडेय, विजय डे, शंकर विश्वास, योगेश वर्मा, मयंक कक्कड़, सुनील यादव,विकास सागर, आयुष चिलाना, सुनील सागर,डम्मी चोपड़ा, वासु गुम्बर व अन्य लोग मौजूद रहे।

# पावन ज्योति का कोसी नदी में किया विसर्जन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री दुर्गा यात्रा समिति द्वारा श्री दुर्गा मंदिर रुद्रपुर में 32वी मां वैष्णो दरबार यात्रा में हिमांचल प्रदेश से लाई गई माँ ज्वाला जी की पवित्र ज्योति के नवरात्रि दर्शन के बाद आज प्रात: दुर्गा मन्दिर से ज्वाला ज्योति को विसर्जन के लिए माँ भक्त रामनगर गर्जिया के लिए रवाना हुए। जहां उन्होंने धार्मिक अनुष्ठानों के साथ पावन ज्योति का विसर्जन किया। उससे पूर्व आज प्रात: पूरे विधि विधान से पूजा के पश्चात भजन कीर्तन करते हुए माँ ज्वाला जी के जयकारे जय ज्वाला आई ज्वाला जी के सुन्दर भजनों को गाते नाचते हुए माँ भक्त रामनगर गर्जिया में पहुंचे और वहाँ गर्जिया मन्दिर में माता के दर्शन किये और माता का आशीर्वाद लिया। फिर वही पर कोसी नदी में माँ ज्वाला जी की पवित्र ज्योति का विसर्जन किया और सबने माता रानी को विदा किया। विसर्जन में यात्रा समिति के संयोजक वेद ठुकराल, महंत राजीव



ठक्कर, विक्की कक्कड़, पवन गाबा पल्ली, मुदित गाबा, अमित दुआ, विपिन अरोरा, नजीर सिंह, किशन सुखीजा, अंशु कक्कड़, राम राजदेव, ऋषभ दुनेजा, अंजू ठक्कर, श्वेता गाबा, पूनम कक्कड़, गीता सुखीजा, एकता दुआ, काव्या कक्कड़, ऋद्धि दुआ, राजेश अनेजा, वंश दुनेजा, शुभम चावला, धुर्व अग्रवाल, लव झा, नीतू अनेजाआदि माता के भक्त थे।

# रुद्र लायंस क्रिकेट अकादमी ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वाधान में जिले में चल रही उधम सिंह नगर जी-20 क्रिकेट लीग प्रतियोगिता



में किंग्सफोर्ड क्रिकेट अकैडमी काशीपुर में रुद्र लायंस क्रिकेट अकादमी और हाइलैंडर क्रिकेट अकेडमी के मध्य मैच खेला गया। जिसमें रुद्र लायन्स में पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 144 बनाएं। रुद्र लायन्स की तरफ से उदित शर्मा 38 , अरुण पवार ने 28 , मओ0फहद ने 20 रनों का योगदान दिया। हाइलैंडर स्पोर्ट्स अकादमी की तरफ से आर्यन चौधरी ने 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हाइलैंडर स्पोर्ट्स अकैडमी 20 ओवरो में 127 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमें संजय सिंह ने 36, मोहम्मद नाजिम ने 32, आदित्य सारना ने 23 रनों का योगदान दिया। रुद्र लायन्स की तरफ से मोहम्मद गुलवेज ने 2, काबिल फैद और मोहित ने एक-एक विकेट लिए। इस मैच के मैन ऑफ द मैच मोहम्मद फैद रहे। मैथ के अंपायर गुरजीत सिंह और सुमित कुमार रहे ऑनलाइन स्कोरिंग मोहम्मद नवाज द्वारा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि युवराज नरेंद्र चंद्र द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया गया साथ में उत्तराखंड वेटलिफ्टिंग संगठन के सचिव राजीव चौधरी ,कादर खान, किंग्स फोर्ट क्रिकेट अकादमी के एचडी विनीत सहगल उपस्थित रहे।

# क्षत्रिय महासभा ने किया शस्त्र पूजन

किच्छा(उद संवाददाता)। विजयादशमी के अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा एक विशाल शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम ईश्वर वंदना के साथ पंडित शंभू नाथ चौबे के सानिध्य में शस्त्र पूजन किया गया। शस्त्र पूजन कार्यक्रम समाजसेवी एवं अखिल भारतीय क्षत्रीय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री संजीव सिंह के नेतृत्व में किया गया। सभी लोगों ने एक स्वर में शस्त्र पूजन करने के उपरांत शपथ



ली कि समाज में फैली बुराइयों को एवं किसी भी किस्म के अत्याचार को क्षत्रिय महासभा हमेशा दूर करने की प्रयास करती रहेगी । क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री संजीव सिंह ने कहा कि देश की एकता एवं अखंडता तथा आम जनमानस की रक्षा करने के लिए तथा अत्याचारों के खिलाफ लड़ने के लिए हुए हमेशा तत्पर हैं तथा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के सभी लोग तथा आम छत्रिय लोग हमेशा निष्काम निष्फल रूप से तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान मै परिस्थितियां बदल गई है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पंडित शंभू नाथ चौबे, संजीव सिंह, ठाकुर अश्विनी ठाकुर कुणाल सिंह अभय सिंह अमरेंद्र प्रताप अंगद सिंह मनोज सिंह, सी वी सिंह, पुखराज सिंह, नरपत सिंह ,मोहनलाल, मुकुल सिंह, अरुण प्रताप सिंह, सुशांत सिंह, प्रमेस सिंह परिहार आदि लोग उपस्थित थे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# लक्ष्मण मेघनाथ युद्ध और लक्ष्मण मूर्छा का मंचन





गदरपुर (उद संवाददाता)। अनाज मंडी में चल रही श्री राम जी की लीला में सोमवार रात्रि रावण अंगद संवाद, लक्ष्मण मेघनाथ युद्ध, लक्ष्मण मूर्छा, संजीवनी बूटी का आना, कुंभकरण वध , मेघनाथ वध और राम रावण युद्ध का मंचन किया गया। श्री राम की भूमिका में डायरेक्टर अशोक पोपली, लक्ष्मण की भूमिका में रोहित पोपली, अंगद की भूमिका में यश अरोड़ा, रावण की भूमिका में उपनिदेशक सिद्धार्थ भुसरी, मेघनाथ की भूमिका में अमन गाबा, हनुमान जी की भूमिका में साहिल सुधा, कुंभकरण की भूमिका में प्रवीण गिलहोत्रा, मंत्री अविश अरोड़ा, सुग्रीव की भूमिका में मुनि भुसरी, ज्यामामंत की भूमिका में अमन छाबड़ा, नल शौर्य, नील यश बितोलिया, युवराज, अरविंद पाल, कपिल कमरा, अभिषेक सक्सेना, गोविंद और अन्य कलाकारों में दृश्य में उपस्थित रहकर दृश्य को आकर्षक बनाया। सम्मान की कड़ी में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष एवं श्री राम नाट्य कला परिषद के उपनिदेशक राज कुमार भुड्डी को अध्यक्ष रवींद्र बजाज, महामंत्री अशोक धीर, कोशायाधक्ष श्री कृष्ण अनेजा द्वारा शॉल एवम पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। डॉयरेक्टर अशोक पोपली, अशोक सुधा, राजू भुड्डी ,जगदीश भुड्डी, सुभाष खुराना द्वारा कलाकारों की निर्देश दिए गए। श्री रामलीला देखने पहुंचे हजारों की तादात में श्रद्धालुओं का भी अध्यक्ष रवींद्र बजाज ने आभार प्रकट किया और बताया की दर्शकों की वजह से ही कलाकारों का हौसला बढ़ता है। इस मौके पर अशोक भुड्डी, राज कुमार भुड्डी, विनोद भुसरी, कृष्णलाल सुधा, विजय छाबड़ा, इंद्रजीत डाबर, विजय भुड्डी, अजय खेड़ा, रविंद्रवीर सिंह, कृष्णलाल बत्रा, सतीश छाबड़ा, विजय सुखीजा, राजू कुमार, सुभाष खुराना, अनिल बत्रा, मुलखराज अरोरा, सोमनाथ छाबड़ा, राजेश अग्रवाल, आदित्य सुखीजा, गौरव भुड्डी, प्रमोद बजाज आदि सहित सैकड़ो दर्शक मौजूद थे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# गगनेजा परिवार ने किया लंगर वितरण

गदरपुर( उद संवाददाता)। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं हँसमुख छवि के व्यक्तित्व स्वर्गीय प्रेम लाल गगनेजा जी की प्रथम बरसी पर उनके पुत्र मनीष




गगनेजा एवं कुनाल गगनेजा सहित गगनेजा परिवार ने जियो जिंदगी के माध्यम से लंगर वितरण कर स्व0 प्रेम लाल गगनेजा की आत्मिक शांति हेतु प्रार्थना की। जियो जिंदगी के सेवादार रमन छाबड़ा हिमांशु सुखीजा एवं संजीव झाम द्वारा चलाई गई मुहिम अब जनता के दिलो में घर कर चुकी है राधा नाम की मधुर धुन के साथ क्षेत्रीय जनता ने अपना जन्मदिन एवं बरसी या किसी भी अवसर पर क्षेत्रीय जनता जियो जिंदगी के माध्यम से लोगो की भूख मिटाने का कार्य कर रही है। मात्र 5 रुपये में मिलने वाले स्वादिष्ट भोजन के लिए लोग समय से ही लम्बी लम्बी कतारों में नजर आते है। इसी क्रम में गगनेजा परिवार के द्वारा राहगीरों के लिए स्व0 प्रेम लाल गगनेजा जी की पुण्यतिथि पर लंगर वितरण किया। इस मौके पर मनीष गगनेजा ने कहा कि सुख और दुख जीवन के दो सार है जिन्हें हर व्यक्ति को अपने जीवन में स्वीकार करना पड़ता है। उन्होंने कहा जियो जिंदगी के माध्यम से आज उन्हें भी लंगर प्रसाद वितरण करने का मौका मिला इसके लिए वह जियो जिंदगी की पूरी टीम का धन्यवाद अर्पित करते हैं साथ ही अपने पिता के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलकर समाज की सेवा में तत्पर रहने का प्रण लेते हैं। लंगर प्रसाद वितरण करने वालों में मनीष कुमार गगनेजा, कुनाल गगनेजा, अमित गगनेजा, संजय गगनेजा,सुधीर गगनेजा, राहुल गगनेजा,विनय गगनेजा सहित जियो जिंदगी की पूरी टीम उपस्थित रही।

# कौशल्या मंदिर प्रांगण में किया कन्या पूजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।नवरात्र पर्व के आज दशमी के अवसर पर कौशल्या एनक्लेव स्थित कौशल्या मंदिर प्रांगण गंगापुर रोड में मंदिर समिति के भक्तजनों द्वारा सामूहिक रूप से कन्या पूजन किया गया। जिसमें कन्याओं को चुनरी ओढ़ाकर एवं तिलक कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उसके बाद मंदिर में भोग लगाकर व आरती कर कन्याओं को वस्त्र आदि से पूजन किया गया। इस अवसर पर समस्त भक्त जनों द्वारा संपूर्ण कौशल्या एनक्लेव निवासियों की सुख समृद्धि की कामना की गई। मंदिर के प्रतिनिधि ललित दुमका एवं राम सिंह भोज द्वारा बताया गया कि प्रतिवर्ष मंदिर प्रांगण में कन्या पूजन किया जाता है। श्री भोज द्वारा प्रसाद बनाने की शुरुआत की गई। अंत में सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राम सिंह भोज, ललित दुमका, पूरन सिंह कैडा, श्रीमती हेमा गोस्वामी, श्रीमती ज्योति सिंह, श्रीमती रुचि, श्रीमती ममता, श्रीमती कंचन हरबोला, श्रीमती गुड़िया, श्रीमती साधना, श्रीमती रेनू, श्रीमती जानकी कैड़ा, श्रीमती नीमा कैडा, श्रीमती राधा भोज, श्रीमती पूजा सहित कई भक्तजन उपस्थित थे।



# जनता ने रखी बेहड़ के समक्ष समस्याएं

किच्छा( उद संवाददाता)। जनसंवाद कार्यक्रम के तहत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं रखी। जिस पर विधायक बेहड़ में उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उसके निदान के आदेश पारित किए। प्रत्येक सोमवार को विधायक तिलक राज बेहड़ के कार्यालय पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होता है। जिसमें वह तमाम क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनते हैं। जिसको लेकर आज प्रात काल से ही उनके कार्यालय पर फरियादियों का तांता लगा रहा। जिसमे क्षेत्र वासियों ने उन्हें राशन कार्ड, पेंशन, बिजली के बिल, पानी, स्वास्थ्य शिक्षा जैसी तमाम समस्याएं उनके सामने रखी। बेहड़ ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया इस संबंधित समस्याओं को अधिकारियों को



भेजा जायेगा और इसका हर हाल में निस्तारण किया जायेगा। इस दौरान वार्ड न० 17 निवासी गुरमीत सिंह, रणजीत सिंह, कुलवंत सिंह, गुरनाम सिंह, पूरन सिंह, सम्पूर्ण सिंह,कमलजीत सिंह,भजन सिंह,जमील अहमद आदि ने अपने वार्ड की विभिन्न समस्याओं व वार्ड न 17 स्थित गुरुद्वारे( निकट सिरौलीकलां )में विकास कार्य स्वीकृत किये जाने, देवरिया निवासी हरीश चन्द्र भट्ट ने अपने इलाज हेतु दिल्ली रेफेर किये जाने, सिरोली कला निवासी जाहिद तथा गुलाम मुस्तफा ने सड़क निर्माण की मांग रखी, वार्ड न012 से नसीमा और निसरत जहां ने तथा रानी ने ग्राम नगला से सफेद राशन कार्ड बनाए जाने की मांग विधायक बेहड़ के समक्ष रखी। विधायक बेहड़ ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया तथा सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के हल करने हेतु आदेशित किया।

# राम लखन के साथ युद्ध में मारा गया मेघनाथ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामलीला संचालन में गत दिवस दिन की लीला मे मेघनाथ युद्ध, मेघनाथ वध, सुलोचना सती तथा रात्रि लीला में श्री रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग स्थापना, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, कुंभकरण वध की लीला का मंचन व्यास श्री पुष्कर दत्त शास्त्री द्वारा कराया गया। मंचन में रीतेश जोशी द्वारा व्यास जी का सहयोग किया गया। इसके पश्चात रिसीवर श्रीमती ऋचा सिंह, विजय अग्रवाल, पूर्व विधायक नारायण पाल, अरुण अग्रवाल, हेमंत, अग्रवाल तथा कमेटी सदस्य तनुज गुप्ता , सौरभ अग्रवाल, अनुभव गोयल, विजय भट्ट, अतुल अग्रवाल द्वारा व्यास पूजन सपत्नीक किया गया। व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री कहते हैं कि जागृति के बाद लक्ष्मण जी मेघनाथ से युद्ध करने के लिए व्याकुल हो उठे। मेघनाथ से घोर युद्ध होता है। मेघनाथ अपने मायावी रूप को धारण करता है। पर राम लखन के हाथों मारा जाता है। उसका सिर रामादल में और भुजा पत्नी सुलोचना के पास गिरती है, मेघनाथ की सुलोचना को दे दिया जाता है। मंदोदरी से सुलोचना कहती है उमर मेरी कैसे कटे बाली फिर सुलोचना मेघनाथ के साथ ही



पत्नी सुलोचना भगवान श्री राम से अपने पति का सिर मांगने रामादल जाती है, जहां भगवान श्री राम द्वारा मेघनाथ का सिर सती हो जाती है। आज की लीला में अहिरावण वध, नरंतक वध, रावण वध, सीता अग्नि परीक्षा की लीला होगी।

# गुरूनानक बालिका इंटर कालेज में धूमधाम से मना दशहरा पर्व

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरूनानक बालिका इंटर कालेज प्राईमरी विभाग में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रीति अग्रवाल के निर्देशन और वरिष्ठ अध्यापिका मनमीत कौर की देख-रेख में दशहरे का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अर्चना छाबड़ा ने किया। बच्चों को बुराई पर अच्छाई की जीत के बारे में विस्तार से बताया गया और अच्छाई के रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी गयी। बच्चों ने श्री राम, लक्ष्मण, सीता हनुमान, रावण और वानर सेना की वेश भूषा धारण कर रामलीला के दृश्यों का मंचन किया। राम रावण युद्ध का मंचन और रावण दहन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अनामिका ढाका, परमजीत कौर, अमरजीत कौर, हरजीत कौर, शिखा रानी, अंजू तिवारी, जगजीत कौर, रीतू कौर, हेमा यादव, नवदीप कौर, स्मिता गुलाटी, दीप्ति, पूनम मौर्या, एवं सीमा मल्होत्रा आदि उपस्थित थे।



# सीएम ने दी विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं

देहरादून( उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को विजयादशमी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विजयादशमी की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि विजयादशमी का पर्व अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि हम अपने जीवन में अहंकार से मुक्त होकर सच्चाई के रास्ते पर चलें और प्रदेश व देश की सामाजिक समरसता के लिए मिलजुल कर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम सत्य, मर्यादा, न्याय, शांति, परोपकार और लोक कल्याण के लिए समर्पित थे। उनका जीवन हमें सद्मार्ग पर चलने एवं आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि विजयादशमी शक्ति उपासना का उत्सव भी है। यह पर्व हमें अपने अंदर की बुराई का नाश कर अच्छाई के पथ पर बढ़ने की भी प्रेरणा देता है।




उत्तराखण्ड शासन
आज़ादी का अमृत महोत्सव
DESTINATION UTTARAKHAND
समस्त प्रदेशवासियों को
विजयादशमी
की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
जय

प्रिय प्रदेशवासियों,

आप सभी को विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ।

यह पर्व मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम द्वारा अधर्म पर धर्म की जीत का प्रतीक है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें एक श्रेष्ठ समाज और महान राष्ट्र के निर्माण की प्रेरणा देता है। आपके मुख्य सेवक के रूप में जनता की सेवा ही मेरे लिए प्रभु श्रीराम की सेवा है और उत्तराखण्ड का विकास ही मेरे लिए राम काज है।

आइए, आज के पावन अवसर पर हम संकल्प लें कि हम भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में देवभूमि उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाएंगे।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड



सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# फलिस्तीन की संप्रभुता

भारत ने संकटग्रस्त फलिस्तीन को दवा और आपदा राहत सामग्री की खेप भेज कर एक बार फिर यही साबित किया है कि वह मानवीय और लोकतांत्रिक मूल्यों का पक्षधर है। जब भी किसी देश में इस तरह का कोई संकट खड़ा हुआ है, भारत ने वहां मदद का हाथ बढ़ाया है। कोरोना काल में जब दुनिया के अनेक देशों को दवाओं और टीके की जरूरत थी, भारत ने उन्हें खुले हाथों मदद पहुंचाई।फिलिस्तीन के साथ तो भारत का सदा सदाशयतापूर्ण संबंध रहा है। वह फिलिस्तीन की संप्रभुता और लोकतांत्रिक अधिकारों के पक्ष में खुल कर बोलता रहा है। हालांकि जब इजरायल पर हमास का हमला हुआ, तब भारत ने इजरायल के साथ खड़े रहने का एलान कर दिया, जिसे लेकर एक अजीब तरह का वातावरण बना कि भारत ने अपनी परंपरागत पक्षधरता बदल दी है। मगर जब गाजा के अल अहली अस्पताल पर हमला हुआ, जिसमें करीब पांच सौ लोग मारे गए और सैकड़ों घायल हो गए, तब प्रधानमंत्री ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति से फोन पर बात करके संवेदना प्रकट की और उन्हें हर मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया। उस आश्वासन को पूरा करते हुए दवा और आपदा राहत सामग्री की पहली खेप रवाना भी कर दी गई है।राहत सामग्री की खेप भेज कर भारत ने अब स्पष्ट कर दिया है कि फिलिस्तीन के मूल अधिकारों को लेकर उसके पक्ष में कोई बदलाव नहीं आया है। प्रधानमंत्री ने कुछ दिनों पहले कहा भी था कि फलिस्तीन की संप्रभुता बहाल होनी चाहिए, उसके हक की जमीन उसे मिलनी ही चाहिए। यह ठीक है कि इजरायल के साथ भारत की नजदीकी पिछले कुछ समय से बढ़ी है और तकनीकी आदि मामलों में वहां से सहयोग भी मिला है। मगर फिलिस्तीन और इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष में अगर भारत केवल कुछ व्यापारिक संबंधों की वजह से इजराइल के साथ खड़ा होता, तो उसकी लोकतांत्रिक पक्षधरता का प्रश्नांकित होना स्वाभाविक था। जब भारत ने इजरायल के साथ खड़ा होने की बात कही थी, तब उसका विरोध फिलिस्तीन नहीं, बल्कि आतंकवाद को लेकर था। भारत सदा से आतंकवाद के विरुद्ध रहा है और दुनिया के किसी भी मंच पर, जहां भी अवसर आया है, उसने आतंकवाद के खिलाफ जंग छेड़ने की बात की है। संयुक्त राष्ट्र के मंच से वह लगातार इसकी मांग उठाता रहा है। इसलिए उसने हमास के हमले का विरोध करते हुए इजरायल के प्रति संवेदना व्यक्त की थी। अब जब मामला फिलिस्तीन के अधिकारों का है, तो वह सदा की तरह संकट में उसके साथ खड़ा नजर आ रहा है।यह ठीक है कि दुनिया आर्थिक और व्यापारिक संबंधों के आधार पर गुटों में बंटी हुई है, जिसमें शक्ति संपन्न देश सदा से एक साथ रहे हैं। इजरायल के साथ अमेरिका खुल कर खड़ा है। भारत के दोनों देशों से संबंध बेहतर हैं। मगर भारत ने केवल अपने व्यापारिक रिश्तों को तरजीह नहीं दी, मानवीय और लोकतांत्रिक मूल्यों को ऊपर रखा। दुनिया जानती है कि फिलिस्तीन के हिस्से की बहुत सारी जमीन इजरायल ने जोर-जबर्दस्ती से छीन ली है। अब वह फिलिस्तीन का अस्तित्व ही मिटाने पर तुला हुआ है। इसे कोई भी लोकतांत्रिक देश उचित नहीं मान सकता। अभी फिलिस्तीन और खासकर गाजा पट्टी में जैसे हालात हैं, वहां लोगों को न तो ठीक से जरूरी चीजें मिल पा रही हैं, न इलाज मिल पा रहा है। ऐसे में भारत का मदद को बढ़ा हाथ बड़ा मानवीय संबल है।

# शत्रु पर विजय प्राप्त करने का उत्सव पर्व है विजयादशमी

भारतीय संस्कृति सदा से ही वीरता व शौर्य की समर्थक रही है। यदि कभी युद्ध अनिवार्य ही हो तब शत्रु के आक्रमण की प्रतीक्षा ना कर उस पर हमला कर उसका पराभव करना ही कुशल राजनीति है। अतः प्रत्येक व्यक्ति और समाज में



वीरता का उदय हो इसी वजह से दशहरे का उत्सव मनाया जाता है। ऐसा विश्वास है कि इस दिन जो कार्य आरम्भ किया जाता है उसमें विजय मिलती है। भगवान श्री राम ने भी रावण से युद्ध हेतु इसी दिन प्रस्थान किया था। दशहरा का पर्व दस प्रकार के पापों- काम, क्रोध, लोभ, मोह मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी के परित्याग की सद्प्रेरणा प्रदान करता है। इस साल दशहरा पर रवि योग और वृद्धि योग का संयोग बन रहा है। रवि योग 24 अक्टूबर 2023 को दोपहर 3 बजकर 28 मिनट तक रहेगा। वहीं वृद्धि योग 24 अक्टूबर को दोपहर 3 बजकर 40 मिनट से पूरी रात रहेगा। रवि योग में पूजा करने से जीत और तरक्की मिलती हैं, जबकि वृद्धि योग में पूजा करने से कई गुना अधिक शुभ फलों की प्राप्ति होगी। दशहरा के दिन दोपहर 1 बजकर 36 मिनट से लेकर दोपहर 2 बजकर 21 मिनट तक विजय मुहूर्त रहेगा। इस बीच आप कोई भी कार्य करके अपनी जीत सुनिश्चित कर सकते हैं। भारतवर्ष में दशहरे को विजयदशमी भी कहते हैं और इसके कई कारण हैं। पहला कारण रामायण में उल्लिखित भगवान श्री राम जी का रावण पर विजय प्राप्त करना है। इसी दिन भगवान रामचंद्र चौदह वर्ष का वनवास भोगकर तथा रावण का वध कर अयोध्या पहुँचे थे। इसलिए इस पर्व को 'विजयादशमी' कहते हैं। दूसरी वजह है आदिशक्ति माँ भगवती, कहते हैं इस पर्व को माँ भगवती के 'विजया' नाम पर भी 'विजयादशमी' कहते हैं। तीसरी वजह है लोकाचार। ऐसा माना जाता है कि आश्विन शुक्ल दशमी को तारा उदय होने के समय 'विजय' नामक मुहूर्त होता है। यह काल सर्वकार्य सिद्धिदायक होता है इसलिए इसे विजयादशमी कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि शत्रु पर विजय पाने के लिए इसी समय प्रस्थान करना चाहिए। इस दिन श्रवण नक्षत्र का योग और भी अधिक शुभ माना गया है। युद्ध करने का प्रसंग न होने पर भी इसी काल में महत्त्वपूर्ण पदों पर पदासीन लोगों को सीमा का उल्लंघन करना चाहिए। विजयादशमी के दिन भगवान रामचंद्रजी के लंका पर चढ़ाई करने के लिए प्रस्थान करते समय शमी वृक्ष ने ही भगवान की विजय का उद्घोष किया था इसीलिए विजयकाल में शमी पूजन होता है।' ' दशहरा अथवा विजयदशमी राम की विजय के रूप में मनाया जाए अथवा दुर्गा पूजा के रूप में, दोनों ही रूपों में यह शक्ति पूजा का पर्व है। हर्ष और उल्लास तथा विजय का पर्व है। देश के कोने-कोने में यह विभिन्न रूपों में मनाया जाता है। महाराष्ट्र में नवरात्रि के नौ दिन माँ दुर्गा को समर्पित हैं, जबकि दसवें दिन ज्ञान की देवी सरस्वती की वंदना की जाती है। इस दिन विद्यालय जाने वाले बच्चे अपनी पढ़ाई में आशीर्वाद पाने के लिए मां सरस्वती के तांत्रिक चिह्नों की पूजा करते हैं। किसी भी चीज को प्रारंभ करने के लिए खासकर विद्या आरंभ करने के लिए यह दिन काफी शुभ माना जाता है। महाराष्ट्र में इस दिन विवाह, गृह-प्रवेश एवं नया घर खरीदना काफी शुभ माना जाता है। गुजरात में मिट्टी से बना सुशोभित रंगीन घड़ा देवी का प्रतीक माना जाता है और इसको कुंवारी लड़कियां सिर पर रखकर एक लोकप्रिय नृत्य करती हैं जिसे गरबा कहते हैं। गरबा नृत्य इस पर्व की शान है। पुरुष एवं स्त्रियां दो छोटे रंगीन डंडों को संगीत की लय पर आपस में बजाते हुए घूम घूम कर नृत्य करती हैं। इस अवसर पर भक्ति, फिल्म तथा पारंपरिक लोक-संगीत, सभी का समायोजन होता है। नवरात्रि में सोने और गहनों की खरीद को शुभ माना जाता है। पंजाब में दशहरा नवरात्रि के नौ दिन का उपवास रखकर मनाते हैं। इस दौरान यहां आगंतुकों का स्वागत पारंपरिक मिठाई और उपहारों से किया जाता है। यहां भी रावण-दहन के आयोजन होते हैं, और मैदानों में मेले लगते हैं। बंगाल, ओडिशा और असम में यह पर्व दुर्गा पूजा के रूप में मनाया जाता है। यह बंगालियों, ओडिआ और आसाम के लोगों का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है। पूरे बंगाल में जहाँ यह पांच दिनों के लिए मनाया जाता है, वहीं ओडिशा और असम में यह त्यौहार ४ दिन तक चलता है। यहाँ देवी दुर्गा को भव्य सुशोभित पंडालों में विराजमान कर उनकी आराधना की जाती है। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश एवं कर्नाटक में दशहरा नौ दिनों तक चलता है जिसमें तीन देवियां लक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा की पूजा करते हैं। पहले तीन दिन लक्ष्मी अर्थात धन और समृद्धि की देवी की पूजा होती है। अगले तीन दिन सरस्वती अर्थात कला और विद्या की देवी की अर्चना की जाती है और अंतिम दिन देवी दुर्गा अर्थात शक्ति की देवी की स्तुति की जाती है। बस्तर में दशहरे के मुख्य कारण को राम की रावण पर विजय ना मानकर, लोग इसे माँ दंतेश्वरी की आराधना को समर्पित एक पर्व मानते हैं। दंतेश्वरी माता बस्तर अंचल के निवासियों की आराध्य देवी हैं, जो माँ दुर्गा का ही रूप हैं। यहां यह पर्व पूरे ७५ दिन चलता है। यहां दशहरा श्रावण मास की अमावस से आश्विन मास की शुक्ल त्रयोदशी तक चलता है। प्रथम दिन जिसे काछिन गादि कहते हैं, देवी से समारोहारंभ की अनुमति ली जाती है। देवी एक कांटों की सेज पर विराजमान होती हैं, जिसे काछिन गादि कहते हैं। यह कन्या एक अनुसूचित जाति की होती है, जिससे बस्तर के राजपरिवार के व्यक्ति अनुमति लेते हैं। यह समारोह लगभग १५वीं शताब्दी से शुरु हुआ था। इसके बाद जोगी-बिठाई होती है, इसके बाद भीतर रैनी यानी विजयदशमी और बाहर रैनी अर्थात रथ-यात्रा और अंत में मुरिया दरबार होता है। इसका समापन अश्विन शुक्ल त्रयोदशी को ओहाड़ी पर्व से होता है। कश्मीर के अल्पसंख्यक हिन्दू भी नवरात्रि के पर्व को श्रद्धा से मनाते हैं। परिवार के सारे वयस्क सदस्य नौ दिनों तक सिर्फ पानी पीकर उपवास करते हैं। अत्यंत पुरानी परंपरा के अनुसार नौ दिनों तक लोग माता खीर भवानी के दर्शन करने के लिए जाते हैं। यह मंदिर एक झील के बीचो-बीच बना हुआ है। ऐसा माना जाता है कि देवी ने अपने भक्तों से कह रखा है कि यदि कोई अनहोनी होने वाली होगी तो सरोवर का पानी काला हो जाएगा। कहा जाता है कि इंदिरा गांधी की हत्या के ठीक एक दिन पहले और भारत पाक युद्ध के पहले यहाँ का पानी सचमुच काला हो गया था। दशहरे का सांस्कृतिक पहलू भी है। भारत कृषि प्रधान देश है। जब किसान अपने खेत में सुनहरी फसल उगाकर अनाज रूपी संपत्ति घर लाता है तो उसके उल्लास और उमंग का पारावार नहीं रहता। इस प्रसन्नता के अवसर पर वह भगवान की कृपा को मानता है और उसे प्रकट करने के लिए वह उसका पूजन करता है। समस्त भारतवर्ष में यह पर्व विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न प्रकार से मनाया जाता है। विशेष रूप से महाराष्ट्र में इस अवसर पर 'सिलंगण' के नाम से सामाजिक महोत्सव के रूप में इसको मनाया जाता है। सायंकाल के समय पर सभी सुंदर-सुंदर नव वस्त्रों से सुसज्जित होकर शमी वृक्ष के पत्तों के रूप में 'स्वर्ण' लूटकर अपने घर वापस आते हैं। फिर उस स्वर्ण का परस्पर आदान-प्रदान किया जाता है।

**-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# मानव जीवन प्रभु से मिलने का सुनहरा अवसर: साध्वी पंकजा भारती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से रुद्रपुर अपना एनक्लेव लोक विहार कॉलोनी में माता की चौकी का आयोजन किया गया। एसपी सिटी मनोज कत्याल, भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, भाजयुमो जिला रामपुर के अध्यक्ष ऋषभ ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान साध्वी बहनों ने सुमधुर भजनों का गायन किया और छोटे-छोटे बच्चों ने नृत्य प्रस्तुति की। साथ ही प्रवचन करते हुए साध्वी पंकजा भारती जी ने कहा कि हम सब ने अपने जीवन में वैष्णो देवी की तीर्थ यात्रा की होगी पहले पड़ाव माता रानी का बुलावा जिसका अर्थ है यह मानव तन यह मानव जीवन प्रभु से मिलने के लिए एक सुनहरा अवसर है। हमारी जीवात्मा की त्रिकूट पर्वत की चढ़ाई इस महान मार्ग की प्रतीक हैं। इस तीर्थ या चढ़ाई का एक-एक पड़ाव हमें समझता है कि हम कैसे अपने जीवन में एक आध्यात्मिक चढ़ाई पर चढ़ सकते हैं। साध्वी जी ने कहा कि बाहरी तीर्थ का पहला पड़ाव





बाणगंगा माना जाता है की बाणगंगा में स्नान करने से पाप मैल धुल जाते हैं वास्तव में यह बाण गंगा प्रतीक है सत्संग का। सत्संग सुनने से इंसान के मन के ऊपर लगी मैल उतर जाती है। दूसरा पड़ाव आता है चरण पादुका जिसका तात्पर्य है सत्संग सुनने के बाद एक जिज्ञासु किसी पूर्ण गुरु के शरणागति में जाता है। सद्गुरु द्वारा मन निर्यंत्रित करने वाला उपासना मार्ग प्राप्त करता है। तीसरा पड़ाव आता है आद कुंवारी जहां गर्भ जून गुफा सतगुरु के सानिध्य में पहुंचकर के जीवात्मा को शीघ्र ही यह एहसास होता है कि वह आदिकाल से परम आत्मा से योग करने के लिए भटक रही है। तब साधक व्याकुल होकर इस योग को प्राप्त करने के लिए सतगुरु से ब्रह्म ज्ञान की प्रार्थना करता है। यह ब्रह्म ज्ञान की दीक्षा जीव का दूसरा नाम है। सतगुरु हमें ब्रह्म ज्ञान देकर यही दूसरा आध्यात्मिक जन्म प्रदान करते हैं। तीसरे चरण अर्थात ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति के बाद ही शुरू होती है साधना की संघर्ष में चढ़ाई। हाथी माथा तक की चढ़ाई एकदम खड़ी है मानो लटकी सूंड के जरिए हाथी के माथे पर तक पहुंचना है। यही खड़ी चढ़ाई साधना पथ की दुर्गमता की प्रतीक है। इस पड़ाव के नाम से ही जाहिर है हमें अपने मन को अपने माथे पर स्थित दर्शन द्वार तक उठाकर ऊपर लाना है। यानी केंद्रित करना है कथा अनुसार माता रानी भैरव से बचते हुए गुफा पर आती है। गुफा के द्वार पर शेर पर सवार होकर अष्ट भुजाओं में अस्त्र शस्त्र लेकर अपने पूर्ण दिव्य स्वरुप में प्रकट होती है फिर अपनी खड्ग के एक ही वार से भैरव का सिर धड़ से अलग कर देती।

# सच्चा सुख व शांति परमात्मा की शरण में ही : हरिचैतन्यपुरी

रामनगर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एवं संत श्री श्री 1008 श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने आज यहाँ श्री हरि कृपा आश्रम में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि परमात्मा एक ही है। उनके नाम उपासना पद्धतियां विभिन्न हो सकती हैं। हम सभी एक ही सर्वशक्तिमान की संतान हैं जो जीव मात्र का परम सुहृदय हितैषी है। परमात्मा किसी से भी दूर नहीं है, लेकिन स्वार्थ के दलदल में फंसे इंसान की गति ऐसी है कि वह अपने भीतर स्थित परमात्मा को नहीं पहचान पा रहा है। सत्य को पहचानना,धर्म को पहचानना, दया को अपनाना, शांति मार्ग का चयन करना व क्षमादान में निपुणता




ही परमात्मा का सत्य रूप है। सच्चा सुख आनंद व शांति एकमात्र परमात्मा व अध्यात्म की शरण में ही है। परमात्मा से प्रेम, समाज की सेवा व स्वयं की खोज करें। जो प्रभु को समर्पित होकर अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं उनकी हर प्रकार से देखभाल व रक्षा स्वयं प्रभु करते हैं। लौकिक उन्नति बुरी नहीं, लेकिन प्रभु से विमुख उन्नति अवनति के समान ही है। उन्होंने कहा कि मत,पंथ व संप्रदाय विभिन्न हो सकते हैं लेकिन धर्म एक ही है जो हमें राष्ट्रीयता, नैतिकता, मानवता व पारसस्परिक सौहार्द का संदेश देता है। जो आपस में लड़ना सिखाएं या हिंसा का संदेश दे वो धर्म नहीं हो सकता। धर्म जोड़ता है तोड़ता नहीं। लेकिन दुर्भाग्यवश आज लोग धर्म के नाम पर तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं व तोड़ रहे हैं जो शर्मनाक है। धर्म विज्ञान सम्मत है ढकोसला नहीं। धर्म व विज्ञान एक दूसरे के पूरक हैं कहना भी अतिश्योक्ति नहीं। धर्म से विज्ञान दूर होने पर ही ढोंग, पाखंड, अन्धविश्वास एवं ढिवादिताओं को बढ़ावा मिलता है। धर्म विहीन विज्ञान भी विकास का नहीं विनाश का कारण बनेगा। उन्होंने कहा कि आज धर्म के अनुष्ठान बहुत बढ़ रहे हैं लेकिन आचरण अपेक्षाकृत उतना नहीं बढ़ रहा। जबकि धर्म मात्र अनुष्ठान का नहीं अपितु आचरण का विषय है। जीवन का अभिन्न अंग बन जाए धर्म। आज परम पूज्य श्री महाराज जी के दर्शनों व दिव्य अमृत वचनों को सुनने के लिए व नवरात्रि महोत्सव में सम्मिलित होने के लिए श्री हरि कृपा आश्रम चित्रकूट रामनगर नैनीताल उत्तराखंड में दिनभर हजारों भक्तों का ताँता लगा रहा। पूर्व मंत्री पुष्कर दुर्गापाल, पूर्व विधायक शैलेंद्र मोहन सिघल, पूर्व चेयरमैन भागीरथ चौधरी, चेयरमैन मौ. अकरम, चेयरमेन उर्मिला चौधरी व क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग भी सम्मिलित रहे।

# खस्ताहाल सड़कों,विद्यालय और आगनवाड़ी केंद्रों के प्रस्ताव उपलब्ध करायें

## सीएम धामी ने नैनीताल में की गड्ढा मुक्त अभियान और विकास कार्यों की समीक्षा
## प्रधानमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं के 22 सौ करोड़ की योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ



नैनीताल(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उच्चाधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश देते हुए कहा कि हल्द्वानी शहर के विकास हेतु प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 22 सौ करोड की योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ हो गया है जिसमें 16 सौ करोड़ योजनाओं के सीवरेज और ड्रेनेज टेंडर हो चुका है जल्द ही हल्द्वानी के विकास में प्रधानमंत्री की द्वारा की गई घोषणाओं को अमली जामा पहनाया जा सकेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल क्लब में कुमाऊं मंडल में गतिमान विकास कार्यों एवम सड़कों के गड्ढा मुक्त अभियान के संबंध में अधिकारियों की वीसी के माध्यम से समीक्षा बैठक ली। समीक्षा बैठक लेते हुए मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि 22 जुलाई को खटीमा में वीसी का माध्यम से कुमाऊं मंडल के अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि आपदा मानकों का अनुपालन करते हुए सड़क निर्माणदाई संस्था प्रस्ताव तैयार कर शासन को उपलब्ध कराए। इसके साथ ही जीर्ण शीर्ण विद्यालयों और आंगनवाड़ी केंद्रों के प्रस्ताव भी उपलब्ध कराए जाए। निर्देशों के बावजूद विभागीय अधिकारियों द्वारा पूरे प्रस्ताव शासन को उपलब्ध नहीं कराए गए है। उन्होंने 20 दिन के भीतर आपदा मानकोंका अनुपालन करते हुए अधिकारियों को सड़क, विद्यालय और आगनवाड़ी केंद्रों के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। तय समय सीमा मेंप्रस्ताव भेजने के बावजूद यदि किसी खासहाल सड़क, जीर्ण शीर्ण विद्यालय और आगनवाड़ी केंद्र का प्रस्ताव विभागीय अधिकारी ने नहीं भेजा है तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष सड़को को गड्ढा मुक्त अभियान की पूर्ति हेतु 30 नवंबर तक पूर्ति करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में यह तथ्य भी सामने आया कि लोनिवि द्वारा पूरी सड़क मार्गों की लंबाई की अपेक्षा लगभग मात्र 30 प्रतिशत सड़कों का लक्ष्य ही गड्ढा मुक्त अभियान के लिए तय किया गया है। 30 प्रतिशत लक्ष्य निधारित होने से सड़कों की स्थिति ठीक नहीं हो पाएगी। इसके आलावा कुछ ऐसी सड़के भी है जिनमें पैच रिपेयर के स्थान पर डामरीकरण की आवश्यकता है। सीएम ने लोनिवि को प्रथम चरण में कुल सड़क लंबाई की 50 प्रतिशत सड़कों को गड्ढे मुक्त हेतु लक्ष्य निर्धारित कर प्रस्ताव भेजने और जिन सड़कों में डामरीकरण की आवश्यकता है, उनके प्रस्ताव तैयार प्रेषित करने को कहा। सीएम ने अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि उन्हें अपनी निर्माणाधीन योजनाओं की जानकारी टिप्स में होनी चाहिए। अधिकारी बैठक में प्रतिभाग करने से पहले अपना होमवर्क कर बैठक में सम्मिलित हो। सीएम ने कहा कि हाल ही में माननीय प्रधानमंत्री के दौरे के बाद मानसखंड और गूंजी को लेकर पर्यटकों और तीर्थयात्रियों द्वारा काफी पूछताछ की जा रही है। निश्चित तौर पर इसका सकारात्मक असर आगामी गर्मियों में देखने को मिलेगा और सैलानियों की संख्या में इजाफा होगा। इसके लिए उन्होंने आयुक्त और डीएम पिथौरागढ़ को तात्कालिक तौर पर पर्यटकों के लिए आवासीय और खान पान की अस्थाई व्यवस्था हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कुमाऊं में गतिमान कार्यों की समीक्षा के लिए आयुक्त को नियमित मॉनिटरिंग जिससे तय समय पर गुणवत्ता युक्त कार्य पूर्ण हो सके। साथ ही नियमित मॉनिटरिंग से यह फायदा होगा कि शासन स्तर पर भी योजनाओं का फॉलो अप होता रहेगा। उन्होने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान चलाकर ड्रग्स, चरस आदि की सप्लाई चेन को तोडने का कार्य किया जाए। इसके लिए पुलिस विभाग, आयुर्वेदिक, स्वास्थ्य विभाग, युवक मंगल दलों, महिला मंगल दल और अन्य संस्थाओं से भी सहयोग लेकर लोगों को जागरूक करे। उन्होंने कहा कि जो लोग नशे से विरक्त हो चुके हैं उन्हें चिन्हित कर उनसे भी काउंसलिंग कराई जाए। हमारा प्रयास होना चाहिए कि नशा छोड़ चुके व्यक्ति पुन: नशे की गिरफ्त में न आ सके। इस दौरान सड़क, शिक्षा, पेयजल, कृषि, पर्यटन व लोक निर्माण के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को तय समय पर विकास कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। बैठक में विधायक नैनीताल सरिता आर्य, राम सिंह कैड़ा, दीवान सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मंडी परिषद अध्यक्ष डा अनिल डब्बू, मंडलायुक्त दीपक रावत, आईजी डा योगेंद्र सिंह यादव, जिलाधिकारी नैनीताल वन्दना सिंह, एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा, सीडीओ डा संदीप तिवारी के साथ ही कुमाऊ मंडल के समस्त जिलाधिकारी और एस एस पी वीसी से जुड़े हुए थे।

# गुजराती समाज समिति ने धूमधाम से मनाया नवरात्रि महोत्सव

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर ने गुजराती समाज समिति देहरादून द्वारा नवरात्रि के अवसर पर आयोजित समारोह में भाग लिया। देहरादून में अपनी संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने हेतु गुजराती समुदाय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक सविता कपूर और पार्षद श्रीमती अमिता सिंह ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पारंपरिक संगीत, नृत्य प्रस्तुतियों का आनंद लिया और श्रीमती नीता कंसारा और श्रीमती भारती पांचाल द्वारा स्वादिष्ट गुजराती व्यंजनों की एक श्रृंखला भी तैयार की गई। कार्यक्रम में अपने संबोधन में श्रीमती गुरमीत कौर ने नवरात्रि की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समुदाय को एक साथ लाने में उनके उल्लेखनीय प्रयासों के लिए गुजराती समाज समिति देहरादून के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के नौ दिनों के इस महोत्सव में हम अलग-अलग रूपों में माँ दुर्गा की पूजा करते हैं, जिनके प्रति हमारी श्रद्धा अत्यधिक होती है हर रूप का अपना महत्व है और हमें यह याद दिलाता है कि बुराई को नष्ट करने और अच्छाई को प्रमोट करने के लिए हमें सदैव सत्य का पालन करना चाहिए। नवरात्रि का महत्व हमारे जीवन में भी है। हमें इस अवसर को सही तरीके से मनाने का प्रयास करना चाहिए और पूरी मानवता को इस उत्सव को मनाने की प्रेरणा देनी चाहिए। उन्होंने उत्तराखण्ड में रहने वाले विभिन्न समुदायों के बीच एकता और सद्भाव को बढ़ावा देने में ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सांस्कृतिक विविधता में उनके योगदान के लिए गुजराती समुदाय की सराहना की। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन में गुजराती समाज समिति देहरादून द्वारा किए गए प्रयासों और स्थानीय समुदाय पर इसके सकारात्मक प्रभाव की सराहना की। अंत में इस कार्यक्रम में सहयोग के लिए समिति ने श्रीमती और श्री जोगेंद्र मल्होत्रा और मोहित नगर सोसायटी के सदस्यों को विशेष धन्यवाद दिया गया।



# बच्चों को खेलों में आगे लाना जरूरी

देहरादून (उद संवाददाता)।राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में संस्थापक चेयरमेन, इंटरनेशनल कराटे ऑर्गनाइजेशन देवनाथ ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उनके साथ विभिन्न चैंपियनशिप में विजेता बच्चे भी मौजूद रहे। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी बच्चों की सराहना की और कहा कि कराटे में बच्चों द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया जाना प्रशंसनीय है। उन्होंने इनमें बच्चियों के प्रतिनिधित्व की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि लड़कियों हेतु इस तरह आत्मरक्षा से संबंधित खेल बेहद जरूरी है। इससे जहां उनका शारीरिक विकास होगा वहीं ऐसे खेल उन्हें आत्मरक्षा में भी सहायक होंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों को खेलों में आगे लाया जाना जरूरी है इससे देश एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इस दौरान राज्यपाल ने ऑर्गनाइजेशन की चुनौतियों और समस्याओं के संबंध में भी जानकारी ली।



# राज्यपाल ने दी दशहरा पर्व की शुभकामनाएं

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सभी प्रदेशवासियों को "दशहरा" पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि विजयदशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। यह त्योहार मनुष्य को अपने अंदर की बुराइयों को त्याग कर अच्छाइयों को अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने इस पर्व पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज में समरसता और भाईचारा बनाए रखने का आह्वान किया है। राज्यपाल ने कहा कि हम इस पर्व को आपसी भाई-चारा, शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिलजुलकर मनायें।



# कमरे से पर्स चोरी कर भागता दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रिंग रोड़ आवास विकास में कमरे से पर्स चोरी कर भाग रहे युवक को लोगों ने दबोच कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में मनोज मेहता पुत्र बलवंत सिंह मेहता रिंग रोड,आवास विकास ने कहा है कि वह रिंग रोड आवास विकास स्थित अपने ऑफिस के ऊपर कमरे में ही रहता है। 23 अक्टूबर को कार्यालय मे छुट्टी थी। वह अपने कमरे मे ही था और कमरे का दरवाजा खुला था। एक व्यक्ति चुपचाप कमरे में घुसा तथा उसका पर्स जिसमे मेरा आधार कार्ड व 1000 रुपये थे को चुराकर भागने लगा। उसको देखने पर शोर मचाकर उसका पीछा किया । लोगों की मदद से उसे पकड लिया। उसने अपना नाम बौबी सागर पुत्र महेन्द्र सागर निवासी शिव नगर , ट्रांजिट कैम्प बताया। पुलिस ने युवक को अपनी हिरासत में लेकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# 28 अक्टूबर को धूमधाम से मनेगा भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।श्री रामायण रचयिता भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस 28 अक्टूबर को अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत उत्तराखंड द्वारा संपूर्ण उत्तराखंड में धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए प्रदेश महासचिव आशु पंडालिया ने बताया पूरे उत्तराखंड मैं 28 अक्टूबर को भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस के उपलक्ष में धूमधाम से बैंड बाजा एवं सुंदर झांकियां के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। उन्हों ने समाज को संदेश दिया कि वन वर्णों की प्रगति दिवस पर यह संकल्प लें की झाड़ू छोड़ो कलम उठाओ अर्थात भगवान वाल्मीकि जी के हाथ मैं कलम लिए हुए हैं हमें उस कलाम को अपनाना है। समाज एवं देश की प्रकृति में कार्य करना है। शोभायात्रा में आमंत्रित समस्त अतिथिगणों का महापंचायत संरक्षण के अमरदीप चौधरी, रामू भारती, सतपाल पंडलीय, सुनील चौधरी, अशोक चौधरी, राजेश बाल्मीकि एवं वाल्मीकि समाज स्वागत करेगा।

# रावण व मेघनाथ के पुतलों का आज होगा दहन

काशीपुर(उद संवाददाता)। असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाले विजयदशमी पर्व को निर्विघ्न तरीके से संपन्न कराए जाने को लेकर तैयारियां लगभग पूर्ण कर ली गई है। आज शाम रामनगर रोड स्थित रामलीला मैदान में बनाए गए आदमकद रावण एवं मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाएगा। दशहरा के मौके पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रामनगर रोड पर मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में हजारों की तादाद में स्त्री पुरुषों के अलावा बच्चे भी पहुंचते हैं। विजयदशमी के मौके पर महाराणा प्रताप चौराहे से लेकर चीमा चौराहे के बीच लगभग तीन दर्जन से भी अधिक खिलौने खान-पान कॉस्मेटिक ज्वेलरी गुब्बारे बच्चों के झूले चाट पकौड़ी आदि की दुकानें लगाई गई है। अपराह्न बाद से विजयादशमी मेले में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है।

## पेज एक का शेष...

**युवक को ले गई पुलिस...**महिलाओं के साथ भी अभद्रता की। सुबह जब सुसाईड की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, उस दौरान भी रम्पुरा चौकी के दरोगा ने मृतक अनिल की भाभी से मारपीट और बदसलूकी की। मामले की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल मौके पर पहुंच गये। उनके साथ रम्पुरा के सैकड़ों लोग कोतवाली पहुंचे और रम्पुरा चौकी पुलिस के खिलाफ धरने पर बैठ गये। गुस्साए लोगों ने रम्पुरा चौकी पुलिस के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल का कहना था कि युवक की मौत पुलिस की प्रताड़ना की वजह से हुयी है। यह आत्म हत्या नहीं बल्कि हत्या है। उन्होंने कहा कि रात को चौकी में अनिल के साथ जमकर मारपीट की गयी। मृतक का भाई सर्वेश चौकी में 1500 रूपय देकर भाई को यह कहकर छुड़ा लाया था कि सुबह वह उसे हाजिर कर देगा लेकिन उससे पहले ही अनिल ने पुलिस की प्रताड़ना से परेशान होकर मौत को गले लगा लिया। ठुकराल ने कहा कि इतना ही नहीं युवक की मौत के बाद भी रम्पुरा पुलिस का अमानवीय चेहरा सामने आया। सुबह रम्पुरा चौकी के दरोगा ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देने के बजाय अभद्रता की और मृतक की भाभी से मारपीट की। प्रदर्शनकारियों ने रम्पुरा चौकी के दरोगा को निलंबित करने की मांग की। लोगों का कहना था कि रम्पुरा चौकी का उक्त दरोगा पूर्व में भी विवादित रह चुका है। पूर्व में भी उसने इस तरह की हरकतें की है जिससे पुलिस की छवि खराब हुयी है। कोतवाल विक्रम राठौर ने लोगों को शांत करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।हंगामा करने वालों में हिम्मत राम कोली, राकेश कोली, बंटी कोली,जांगन लाल,हरि राम कोली, प्रेम कोली, कमल कोली,लालू, मृतक का भाई सर्वेश, दिनेश कोली आदि मौजूद थे।

**सीएम ने खेला क्रिकेट...**योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को पूरी पारदर्शिता के साथ मिले इसके लिए सरकार कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं का सभी को समय पर लाभ मिले इसके लिए कमिश्नरों और जिलाधिकारियों को नियमित योजनाओं की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर अनिल कपूर डब्बू, जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट,मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट, भावना शाह,दया किशन पोखरिया समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**विवाहिता की हत्या...**वाले कम दहेज व घटिया सामान लाने के ताने देकर उसे परेशान करने लगें तथा मायके से एक कार क्रेटा व 5 लाख रुपये नकद व देवर आयुश के लिये सोने की चैन देने की मांग करने लगे। विरोध करने पर पति, सास,ससुर, देवर एक राय होकर उसे प्रताडित करने लगे। पीड़िता का आरोप है कि 27 जनवरी 2023 को उसके पति, सास, ससुर व देवर ने उसे जान से मारने की नियत से दुपट्टे से फांसी का फंदा बनाकर पंखे से लटकाकर जान से मारने का प्रयास किया । शोर मचाने पर पति उसे जबरन मायके में छोड़कर चले गये। सास व देवर पति को दूसरी शादी करवाने के लिए उकसाने लगे। पति ने उसे मारना पीटना शुरू कर दिया । पंचायत में ससुरालियों द्वारा बिना मांग पूरी किये उसे अपने घर ले जाने से इन्कार कर दिया। बातचीत के दौरान पंचायत द्वारा प्राथिनी व उसके पति की एकात में बात करने के लिए कहा गया पति उससे बोला तुझे अपने साथ नही ले जाउंगा यदि पंचायत ने जबरदस्ती भेजा तो तुझे जहर खिलाकर मार दूंगा।

**जिला कारागार मे...**गई। उसे जिला अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिडकुल थाना प्रभारी मनोहर भंडारी ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# आ जाओ बजरंग बली, अब रात गुजरनें वाली है






## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सांसद अजय भट्ट ने किया रामलीला मंचन का शुभारंभ लक्ष्मण मेघनाद युद्ध, राम विलाप ,हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाने का मंचन

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। मुख्य रामलीला में विगत रात्रि लक्ष्मण मेघनाद युद्ध, लक्ष्मण को ब्रहमास्त्र लगना, राम विलाप, हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाना, मेघनाद का यज्ञ विध्वंस, मेघनाद रावण अंतिम मिलन, मेघनाद–सुलोचना संवाद, मेघनाद वध तक की सुंदर व भव्य लीला का आयोजन हुआ। विगत रात्रि की रामलीला का उद्घाटन मुख्य अतिथि भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री, नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट दीप प्रज्जवलित कर किया। आज के कार्यक्रम में श्री रामलीला कमेटी के सरपरस्त किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ एवं क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा की गरिमामय उपस्थिति रही। रामलीला कमेटी ने मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट को श्री गणेश जी की प्रतिमा भेंट कर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा सभी अतिथिगणो को माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गणेश वंदना, राम वंदना एवं हनुमान वंदना के बाद प्रारम्भ हुयी लीला के प्रथम दृश्य में रावण को यह सूचना मिलती है कि राम के हाथों कुंभकरण का वध हो गया है। कुंभकरण वध की सूचना सुनते ही रावण अपने पराक्रमी पुत्र मेघनाथ को युद्ध के मैदान में उतारने का आदेश देता है । उधर लक्ष्मण प्रभु राम की आज्ञा से युद्ध के मैदान में उतरते हैं । मेघनाथ अपनी तमाम शक्तियां चलाता है लेकिन लक्ष्मण उसको विफल करते जाते हैं। मेघनाथ की दोहरी मुसीबत यह होती है कि लक्ष्मण के साथ–साथ महाबलशाली हनुमान भी मैदान में लगातार डटे हुए रहते हैं। जैसे ही आकंपन हनुमान को युद्ध करते–करते लक्ष्मण से अलग कर देता है वैसे ही मेघनाथ ब्रह्मास्त्र का प्रयोग करके लक्ष्मण को अचेत कर देता है। मेघनाथ लक्ष्मण जी को उठाकर समुद्र में फेंकना चाहता है तो आकाशवाणी होती है की मेघनाथ लक्ष्मण साक्षात शेषनाग का



अवतार है और उन्होंने अपने फनों से धरती माता को जकड़ लिया है इसलिए तुम उन्हें धरती से नहीं उठा पाओगे । मेघनाथ यह आकाशवाणी सुनकर वापस लौट जाता है और तभी हनुमान वापस लक्ष्मण के समीप आते हैं और लक्ष्मण को मूर्छित देखकर उन्हें उठाकर राम दल में ले जाते हैं। राम लक्ष्मण को बेहोश देखकर दुखी हो जाते हैं और विलाप करने लगते हैं । विभीषण राम को कहते हैं कि लंका नगरी पर जाकर वहां से सुषेण नाम के वैद्य को लाना होगा तभी कुछ निदान हो सकता है । हनुमान जी यह रामकार्य करने के लिए आगे आते हैं और उड़ान भर के लंका में पहुंच जाते हैं और वहां से सुषेण वैद्य को उठाकर राम शिविर में ले आते हैं। सुषेण वैद्य लक्ष्मण की गंभीर अवस्था से चिंतित होते हैं और कहते हैं कि यदि प्रात: होने से पहले हिमालय पर जाकर कोई संजीवनी बूटी ले आए तभी लक्ष्मण के प्राण बच सकते हैं । एक बार फिर राम अपने सबसे मजबूत साथी हनुमान की तरफ आशा भरी निगाहों से देखते हैं। हनुमान राम जी का आशीर्वाद लेकर एक बार फिर उड़ान भर हिमालय पर्वत पर जाते हैं और वहां से पूरे पहाड़ को ही उठाकर राम जी के शिविर में ले आते हैं। सुषेण वैद्य संजीवनी बूटी से लक्ष्मण जी का इलाज करते हैं और लक्ष्मण जी दोबारा जी उठाते हैं। यह खबर रावण और मेघनाथ के पास पहुंचती है तो मेघनाथ लंका के देवी निकुंभ का एक यज्ञ करना चाहता है जिससे कि उसे अमोघ शक्तियां प्राप्त हो और वह लक्ष्मण को मौत के घाट उतार सके। विभीषण राम लक्ष्मण को यह बात बता देते हैं, जिस पर लक्ष्मण हनुमान यज्ञ का विध्वंस कर देते हैं। मेघनाथ रावण को यह बता देता है कि आज आपका हमारा अंतिम मिलन है लेकिन एक पुत्र का यह कर्तव्य है कि उसके होते हुए पिता को युद्ध भूमि में नहीं जाना चाहिए । मेघनाथ कहता है कि यदि आज वह युद्ध में जीत जाता है तो लक्ष्मण जीत कहलायेगा और यदि हार जाता है तो मुक्ति पाएगा, इसलिए पिताजी आप मुझे आज्ञा दो। रावण की आंखों में आंसू आ जाते हैं और वहां दुखी मन से मेघनाथ को अंतिम विदाई देता है । रावण से मुलाकात के बाद मेघनाथ अपनी धर्मपत्नी सुलोचना के पास जाते हैं और उनसे भी अंतिम विदाई लेते हैं। दोनों की आंखों में आंसू आ जाते हैं क्योंकि दोनों ही जानते हैं कि यह उनका अंतिम मिलन था। इसके बाद लक्ष्मण और मेघनाथ का भारी युद्ध होता है जिसमें मेघनाथ की समस्त शक्तियां लक्ष्मण के ऊपर निष्फल हो जाती हैं और लक्ष्मण अपने बाण से मेघनाथ का वध कर देते हैं। संचालन मंच सचिव विजय जग्गा, केवल कृष्ण बत्रा एवं संदीप धीर नें किया। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर सीए, समन्वयक नरेश शर्मा, वीना बेहड़, विजय जग्गा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, राकेश सुखीजा, अमित अरोरा बोबी, सुशील गाबा, राजेश छाबड़ा, कर्मचन्द राजदेव, सुभाष खंडेलवाल, केवल कृष्ण बत्रा, सुनील ठुकराल, हरीश अरोरा, महावीर आजाद, अमित चावला आशीष मिड्ढा, विजय विरमानी, मनोज गाबा, रघुवीर अरोरा, मोहन लाल भुड्डी, प्रेम खुराना, संजीव आनन्द, गौरव तनेजा, हरीश सुखीजा, मनोज मुंजाल, राम कृशण कन्नौजिया, कुक्कू शर्मा, सौरभ राज बेहड़,राजकुमार कक्कड़, सचिन मुंजाल, सुभाष तनेजा, मनोज अरोरा, गौरव जग्गा, पुलकित बांबा, सचिन आनन्द, उमेश पसरीचा, सुनील ठुकराल, पत्रकार परमपाल सुखीजा पम्मी, पत्रकार पूरन रावत, पत्रकार राजीव चावला, पत्रकार योगेश वर्मा, मयंक कक्कड़, तजेंद्र घई, आशीष गंभीर, डंपी चोपड़ा, संजीव छाबड़ा, पंकज बांगा, सुमित आनन्द, वैभव भुड्डी,दीपक अग्रवाल, अनमोल मिड्ढा, रोहित नागपाल, अमन गुम्बर, रोहित खुराना, गोगी, सन्नी आहूजा, राजन राठौर, बिट्टू ग्रोवर, पंकज सुखीजा, सुरेश बब्बर, अजय चड्ढा,रवि अरोरा, चिराग कालड़ा, महेश गर्ग, संजीव कामरा, राजकुमार नारंग,सुशांत चौहान, दिग्गविजय चौहान, सौरभ नारंग आदि थे।

## सांसद अजय भट्ट ने की पांच लाख देने की घोषणा

रूद्रपुर। सोमवार रात्रि की लीला में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचें भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री, नैनीताल–उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट



नें अपने संबोधन में विकास कार्यों के लिए 5 लाख की धनराशि स्वीकृत करने की घोषणा की। अपने संबोधन में सांसद भट्ट ने कहा कि आज रूद्रपुर की इस मुख्य रामलीला के मंच पर प्रभु श्रीराम चन्द्र जी, लक्ष्मण जी, हनुमान जी, रावण तथा मेघनाद के रूप में कलाकारों का इतना सुंदर लीला करना उन्होंनें पहले कभी नहीं देखा। श्रीरामलीला कमेटी के तत्वाधान में श्रीरामलीला का मंचन पूरी मर्यादा, गरिमा के साथ ही भव्यता से मंचित किया जा रहा है। रामलीला कमेटी नें श्री रामलीला के माध्यम से प्रभु श्रीराम जी के प्रसंगों को आम जनता के समक्ष जिस जीवंतता से प्रस्तुत किया, उसे क्षेत्र की जनता नें अपना समर्थन दिया। मैदान पर उमड़ रहे जनसमूह को देखकर यह स्पष्ट महसूस हो रहा है।

## जनसमूह को जोड़ने में सिद्धहस्त हैं मंच के संचालक विजय जग्गा

रूद्रपुर। श्री रामलीला कमेटी के उपाध्यक्ष एवं मंच सचिव विजय जग्गा रामलीला संचालन की जिम्मेवारी भी निभा रहें है। विजय जग्गा को श्री रामलीला कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय किशोरी लाल धीर जी नें 1986 में कमेटी में उपसचिव के रूप में जोड़ा था। जब तिलक राज बेहड़ अध्यक्ष बने, तब विजय जग्गा महामंत्री के रूप में उनके साथ रहे। जब श्री रामलीला मैदान पर एक सत्ताधारी दल के लोग कब्जा करना चाहते थे उसे समय हुए गोलीकांड में भी विजय जग्गा वहीं मौजूद थे। उन्होंने सामने स्थित एक पीसीओ से पुलिस प्रशासन को फोन कर पूरे मामले की जानकारी देकर फोर्स को भेजने का आग्रह किया था। श्री जग्गा कहते हैं कि श्री रामलीला मंचन की सेवा के दौरान उनका पूरा लक्ष्य प्रभु श्री राम जी की लीला के प्रसंग के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को सनातन धर्म के साथ जोड़ने एवं लीला के प्रसंगों के अंदर जो शिक्षा है उसे समझने का प्रयास रहता है।



## समाजसेवी सूरज प्रसाद गुप्ता ने किया रामलीला का शुभारम्भ

रूद्रपुर। किच्छा रोड रम्पुरा भूतबंगला स्थित प्राचीन रामलीला मैदान में श्री राम अनुमान देवी जागरण मंडल द्वारा आयोजित की जा रही रामलीला में सोमवार रात रामलीला मंचन का शुभारम्भ शहर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं गुप्ता मेडिकल स्टोर के स्वामी सूरज प्रसाद गुप्ता और उनके परिवार द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान श्री राम हनुमान देवी जागरण मण्डल के पदाधिकारियों ने सूरज प्रसाद गुप्ता एवं उनके पुत्र संजय गुप्ता, सुनील गुप्ता आदि का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया और उन्हें स्मृति



चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। लीला में लीला में वृदावन मथुरा से आई प्रसिद्ध रास पार्टी राधा रसिक बिहाली लाल संस्थान के कलाकारों ने लक्ष्मण मेघनाद युद्ध, लक्ष्मण को ब्रहमास्त्र लगना, राम विलाप, हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाना, मेघनाद रावण अंतिम मिलन, मेघनाद की लीला का सुंदर मंचन किया। इस अवसर पर संजय गुप्ता, सुनील गुप्ता, कार्मिक गुप्ता, के अलावा कमेटी की ओर से रघुवर दयाल गुप्ता, विनोद वर्मा, विजय गुप्ता, विपिन शर्मा, रवि गुप्ता, अजय श्रीवास्तव, आदि मौजूद थे।




